हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

11 ड्राइविंग करते समय माता-पिता को कॉल नहीं करें...



12 शहर में सफाई करने वाले कर्मियों को नहीं मिला...



## आखिर कब जागेगा नप प्रशासन : बंदरों का आतंक, बचाव करते वक्त पैर फिसलने से छत से गिरी महिला की मौत

### मृतका के दो बच्चों की अब कौन करेगा परवरिश, नगर परिषद प्रशासन पर उठ रहा सवाल

- शहर में बंदरों के आतंक से शहरवासी परेशान, कई जगह हो चुकी घटना
- शिकायत के बाद भी नहीं जागा नगर परिषद प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में बंदरों का आतंक है। यह शब्द कई बार शहर के लोगों ने नगर परिषद प्रशासन व जिला प्रशासन के सामने रखे। लिखित शिकायत भी दी। हर बार अनसुना कर दिया गया। महिला हो या पुरुष, बच्चों को बंदर शिकार बना चुके है। घायल अवस्था में पीड़ितों ने इलाज करवाया और शिकायत देने के बाद समाधान का इंतजार करने कई साल बीता दिए, समाधान आज तक नहीं हुआ। आखिरकार फिर ऐसी घटना घटी, जिसमें महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब प्रशासन सिर्फ आश्वासन देकर अपना पीछा छुड़वाने का प्रयास करता दिखाई देगा।

#### इस घटना में गई महिला की जान



शहर में मोहल्ला रावका है, जो वार्ड नंबर 22 का क्षेत्र है। यहां रहने वाली करीब 43 वर्षीय संतोष सैनी सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे पहली मंजिल पर सुखाए गए कपड़े लेने गई थी, दरअसल उस वक्त बूंदाबादी शुरू हुई थी। जैसे ही वह कपड़े एकत्रित करने लगी, वहां बंदरों का झुंड आ गया और महिला पर हमला बोल दिया। आनन-फानन में अपने बचाव में महिला तेज गति से सीढ़ियों की ओर दौड़ी, तभी महिला का पैर फिसल गया और वह नीचे बरामदे की छत पर गिर गई। सिर के बल गिरने से महिला को गंभीर चोट आई और उसकी मृत्यु हो गई। मृतका का पति निरंजन लाल मजदूरी करता है। दो बेटे है। बड़ा बेटा 23 वर्षीय सुमित ने आईटीआई की है, छोटा बेटा अर्जुन पढ़ाई कर रहा है।

#### पार्षद बोले...नप की लापरवाही से गई महिला की जान

जिस इलाके में यह घटना हुई। उसके वार्ड पार्षद अमर सिंह ने बताया कि उन्होंने पहले भी बंदरों के आतंक, आवास पशु व कुत्तों के बारे में बार-बार जिला प्रशासन व नगर परिषद से जुड़े चेयरपर्सन व अधिकारियों को अवगत करवाया है। आज तक किसी ने इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया। इनकी लापरवाही के कारण आज फिर एक महिला मौत के आगोश में समां गई। यदि इसी प्रकार बंदरों का आतंक चलता रहा तो ओर भी गंभीर घटनाएं हो सकती है। ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के कारण जनता की प्रति जवाबदेही अधिक होती है। नप चेयरपर्सस से मांग है कि नगर परिषद की बैठक जल्द से जल्द बुलाई जाए और इसका स्थाई समाधान हो।

#### कई बार उठ चुकी मांग, आखिर किसका है इंतजार

समाजसेवी सुरेशपाल सैनी ने बताया कि बीते 10 साल से शहरवासी बंदरों के आतंक से परेशान है। शिकायत पर ना तो नगर परिषद ना ही जिला प्रशासन कार्रवाई कर रहा। अब जनता भी हताश होने लगी है। हद तो तब हो गई जब बंदरों के आतंक से मौहल्ला रावका में महिला संतोष सैनी को जान गंवानी पड़ी। अब भी अगर नप प्रशासन की आंख नहीं खुलती है और बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं करती है तो मजबूरन लोगों को सड़कों पर आना पड़ेगा। पिछले दिनों यह मांग समाजसेवी किशन चौधरी ने भी प्रशासन के समक्ष उठाई थी। उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकारी कार्यों में एक कहावत है कि जान जाने के बाद ही प्रशासन की आंख खुलती है। अब तो महिला की जान भी जा चुकी है। अब भी प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो कुंभकरण की नींद सोये हुए प्रशासन की शिकायत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष करनी पड़ेगी।

#### क्या कहती है चेयरपर्सन

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए सरकार को एसओपी जारी करनी है। पूरे प्रदेश में वह समान रूप से होनी है, अभी वह नहीं हुई है। कल बुधवार को चंडीगढ़ बैठक है। इसमें डीएमसी जाएंगे। बंदरों को पकड़ने संबंधित मामले में डीएमसी से इस मुद्दे पर खुलकर बातचीत हुई है। डीएमसी इस मुद्दे को वहां चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में रखेंगे। उम्मीद है कुछ ना कुछ समाधान जरूर निकलेगा।

#### क्या कहते है ईओ

नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि बंदरों को पकड़ने के मामले में एफसीसी में मंजूरी हो गई है। अब जल्द ही टेंडर छोड़ने की तैयारी की जा रही है। प्रयास रहेगा कि अगले माह टेंडर छोड़ दिया जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### रणजीत चौटाला 3 अगस्त को नारनौल में



**नारनौल।** प्रदेश के पूर्व बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला तीन अगस्त को नारनौल आएंगे। यह जानकारी देते हुए एडवोकेट केशव संघी ने बताया कि रणजीत सिंह चौटाला यहां प्रातः 10 बजे सुभाष पार्क के सामने नजदीक हीरो होंडा चौक पर जिले के कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

#### नायब तहसीलदार कनीना व अटेली में देंगे सेवाएं



**कनीना।** नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल सप्ताह में दो दिन कनीना व तीन दिन अटेली तहसील कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। इस संदर्भ में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। डीसी ओर से जारी किए गए आदेशों के अनुसार आमजन की सुविधा के लिए नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल को मूल कार्यभार अटेली जहां सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को उपस्थित रहेंगे। वहीं अतिरिक्त कार्यभार के चलते मंगलवार व वीरवार को कनीना तहसील कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। तहसीलदार पायल यादव को भी इसी प्रकार जिम्मेवारी दी गई है।

## वेयरहाउस तक सड़क की हालत खस्ता, दुकानदारों का व्यापार हो रहा प्रभावित

# रेलवे रोड की हालत खस्ता, दो दशक पहले हुआ था निर्माण

- रेल में सफर करने वाले यात्री को भी उठानी पड़ रहीं है परेशानी, प्रतिदिन 5 हजार यात्री करते है सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के रेलवे रोड से वेयरहाउस तक की सड़क की हालात खस्ता होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। करीब 20 वर्ष पहले नगर पालिका की ओर से सड़क का निर्माण किया गया था। इसके बाद नपा द्वारा सड़क की मरम्मत तक नहीं कराई गई।

बता दें कि इस मार्ग की हालात पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। इस पर जगह-जगह कई छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग रेलवे स्टेशन तथा कई सरकारी कार्यालय होने के कारण लोगों का आवागमन बना रहता है। लेकिन सड़क की हालात खस्ता होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। इस सड़क से जब साधन गुजरते हैं तब बहुत अधिक धूल उड़ती है। धूल दुकानों को घुस जाती है। इस मार्ग से कई स्कूलों की बसें भी गुजरती हैं।

दुकानदार दुकान के सामने सड़क पर मलबा डलवा लेते हैं। इसके कारण सड़क उबड़ खाबड़ होने के कारण बारिश का पानी दुकानों के सामने खड़ा हो जाता है। इसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका प्रशासन को सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराना चाहिए।



**महेंद्रगढ़।** रेलवे स्टेशन के समीप टूटी सड़क। फोटो : हरिभूमि

***कई सरकारी कार्यालय व रेलवे स्टेशन होने के बाद भी नहीं ली जा रहीं सुध:*** इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन भी पड़ता है। महेंद्रगढ़ रेलवे से प्रतिदिन करीब 5 हजार यात्री सफर करते है। सड़क की हालात खस्ता होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। इसके अलावा इस मार्ग पर मार्केट कमेटी कार्यालय, खाद्य आपूर्ति विभाग, अनाजमंडी, वेयरहाउस होने के कारण लोगों को यहां आवागमन बना रहता है। इसके महज कुछ दूरी पर एसडीएम कार्यालय व सीआईए थाना भी है। इसके बावजूद भी नगर पालिका की ओर से इस मार्ग की सुध नहीं ली जा रहीं है। वहीं रेवाड़ी जाने वाले वाहन चालक कई बार इस मार्ग का उपयोग करते है। लेकिन मार्ग ही हालात खस्ता होने के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है।

दुकानदार नीरज, नरेंद्र कुमार, विजय कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब 5 हजार यात्री सफर करते है। सुबह जब लोग दिल्ली सामान लेन के लिए जाते है, तब अंधेरा होने के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते। इस मार्ग पर गड्ढे होने के कारण हादसा होने का डर बना रहता है। इस मार्ग पर करीब दो दशक सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद से ही नगर पालिका प्रशासन ने इसकी कोई सुध नहीं नही है। इसके कारण दुकानदार परेशान हैं। यहां से जब वाहन गुजरते हैं तो काफी धूल उड़ती रहती है। टूटी सड़क के कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

नगर पालिका ने वेयरहाउस से माजरा फाटक तक की सड़क को तो बना दिया, लेकिन अभी सड़क इस सड़क को नहीं बनाया गया है। बचे हुए सड़क के हिस्से में काफी गहरे गड्ढे हो गए है। कई बार नगर पालिका के समक्ष सड़क बनाने का मुद्दा उठा चुके है। कई सरकारी कार्यालय होने के कारण लोगों का दिनभर आवागमन बना रहता है।

#### जल्द होगा निर्माण

*नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि नगर पालिका की ओर से शहर में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं। नगर पालिका की ओर से जल्द इस मार्ग का टैंडर लगाकर निर्माण करवाया जाएगा।*



**मंडी अटेली।** रामपुरा में चोरी के बाद अलमारी से बिखरा पड़ा हुआ सामान।

## रामपुरा में अज्ञात चोरों ने दो मकानों में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा में दो अलग-अलग मकानों पर अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात व हजारों रुपए की नकदी चुरा ली। इस बारे में पीड़ित व्यक्ति ने अटेली पुलिस में शिकायत दी है।

पुलिस में दी शिकायत में रामपुरा निवासी रविंद्र ने बताया कि गत रात्रि को अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। जिसके बाद उन्होंने अलमारी एवं संदुक का ताला तोड़ दिया। वहां से उन्होंने दो सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, एक पैंडल सोने का, एक जोड़ी सोने की बाली, सात जोड़ी चांदी की पाजेब चुरा ली। वहीं चोर करीब 40 हजार रुपये नकद तथा बच्चों की एक गुल्लक भी चुराकर ले गए। सुबह इस घटना के बारे में उनको पता चला।

वही दूसरी ओर चोरों ने इसी रात को पास लगते हुए रमेश कुमार के घर भी चोरी कर ली। यहां से चोर जंगला तोड़कर घर के अंदर घुसे। जहां से चोरों ने एक सोने का हार, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, एक कंठी, एक सोने की अंगूठी के अलावा पांच चांदी की अंगूठी, पांच जोड़ी चांदी की पायल, 15 चुटकी व 35 हजार रुपये नकद चुरा लिए। पीड़ित व्यक्तियों ने अटेली पुलिस में शिकायत देकर चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।



**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे पर जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

## सरकारी भवनों का हो उचित रखरखाव: डीसी

**नारनौल।** बरसात के सीजन को देखते हुए सभी सरकारी भवनों का उचित रखरखाव किया जाए, ताकि कोई भी नुकसान न हो। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी भवनों की छतों पर उगने वाली घास, खरपतवार और किसी भी अवांछित वनस्पति को हटा दें। छतों या खुले क्षेत्रों में जमा क्षतिग्रस्त वस्तुओं, मलबे या अपशिष्ट पदार्थों को हटा दें। पानी के जमाव को रोकने के लिए उचित जल निकासी सुनिश्चित करें। पानी के जमाव से मच्छरों का प्रजनन हो सकता है। मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए लार्वानाशकों का छिड़काव या अन्य उपयुक्त उपायों सहित मच्छर रोधी उपायों को लागू करें। ये कदम न केवल सरकारी बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिएए बल्कि मानसून के दौरान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। इन निर्देशों का शीघ्रातिशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करें तथा की गई कार्रवाई की संक्षिप्त रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

## अटेली अनाज मंडी में जमा हो रहा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

नए बस स्टैंड अटेली के पीछे अनाज मंडी में पानी जमा हो गया है। मंडी परिसर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है, जिससे न केवल किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर डा. सत्यदेव, दलीप मिस्त्री, डॉ. देवेंद्र, नीरज शर्मा, समाजसेवी तेजप्रकाश ने बताया कि मंडी में पानी निकासी सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। कई जगहों पर पानी जमा हो गया है। हर साल यही हाल होता है। प्रशासन सिर्फ कागजों में सफाई करता है। इस बार तो मंडी में जगह जगह पानी जमा हो गया है। वहीं किसानों ने भी प्रशासन से जल्द पानी की निकासी की मांग की है।



**मंडी अटेली।** अनाज मंडी में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

## रातभर में 74 एमएम बारिश, उमसभरी गर्मी से कुछ हद तक मिली राहत

- कपास व बाजरे की फसल पर छाई रोनक
- उन्हाणी के समीप रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन से खराब हो रहे सड़क के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

क्षेत्र में सोमवार रात को हुई मानसून की 74 एमएम बारिश के बाद उमसभरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। वहीं खेतों में कपास व बाजरे की फसल लहलहाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। सिंचाई के अभाव में ये फसल मुरझाने लगी थी। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि कनीना ब्लॉक में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 20484 हेक्टेयर में बाजरा, 8114 एकड़ में कपास, 674 में एकड़ हरा चारा, 116 एकड़ में ग्वार सहित अरहर, तिल आदि की खेती की गई है। वहीं बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। दूसरी ओर बारिश के चलते उन्हाणी के समीप रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन के स्थान पर हालात खराब होते जा रहे हैं। अटेली मोड़, बस स्टैंड सहित विभिन्न निचले स्थानों पर पानी जमा हो गया। यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### क्या कहती है चेयरपर्सन

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि मानसून से पूर्व नालों की सफाई करवाने के साथ जोहड़ों की छटाईं करवाई गई थी। लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले का कार्य अधूरा छोड़ने से मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सीवरेज सिस्टम को चुस्त दुरूस्त नहीं किया गया। जिससे हालात बिगड़ने की संभावना है। हालांकि नपा की टीम जलभराव वाले प्वाइंटों पर नजर रख रही है। सडक पर पानी नहीं ठहरने देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर 21508 भावी अध्यापक देंगे परीक्षा

## एचटेट परीक्षा महेंद्रगढ़ में आज, नारनौल व महेंद्रगढ़ दोनों जगह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा पात्रता परीक्षा (एचटेट) जिला में दो दिन 30 व 31 जुलाई को होगी। पहले दिन 30 जुलाई को महेंद्रगढ़ में बनाए गए 10 केंद्रों पर होगी। अगले दिन 31 जुलाई को महेंद्रगढ़ व नारनौल शहर में बनाए गए केंद्रों पर यह परीक्षा होगी। दोनों दिन में 21 हजार 508 भावी अध्यापक के सपने संजोये परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसको लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

एचटेट परीक्षा का आयोजन जिला में 36 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें महेंद्रगढ़ में 26 तथा नारनौल 10 केंद्र हैं। 30 जुलाई को केवल महेंद्रगढ़ में होगा, जिसमें शाम की शिफ्ट में ही पेपर होगा। यहां 6485 परीक्षार्थी होंगे। 31 जुलाई को महेंद्रगढ़ में सुबह 8112 तथा शाम को 3791 परीक्षार्थी होंगे। नारनौल में सुबह 3120 तथा शाम पेपर नहीं होगा। संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्रों के नोडल अधिकारी होंगे। जिला उपायुक्त डा. विवेक भारती ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से पिछले सीईटी परीक्षा का उदाहरण देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इस परीक्षा को भी सफलतापूर्वक संपन्न करवाएगा।

#### 30 व 31 को शहर की सीमा में भारी वाहनों पर प्रतिबंध


जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने 30 व 31 जुलाई को होने वाली हरियाणा पात्रता परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत महेंद्रगढ़ व नारनौल दोनों शहरों की सीमा में सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन और पुलिस वाहन जैसे आपातकालीन वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। आवश्यक वस्तुओं से लदे वाहनों को अधोहस्ताक्षरी या पुलिस अधीक्षक की पूर्व अनुमति से प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और अन्य लागू कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### इस तरह होगी परीक्षा

लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई को दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच होगी। अगले दिन 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच लेवल-2 (टीजीटी) और दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच लेवल-1 (पीआरटी) परीक्षा होगी। परीक्षा आरम्भ होने से कम से कम एक घंटा पहले परीक्षार्थियों को सेंटर पर पहुंचना होगा।

#### इन सेंटरों पर परीक्षा देंगे परीक्षार्थी

| परीक्षा केंद्र | सेंटर | 30 की शाम परीक्षार्थी | 31 की सुबह परीक्षार्थी | 31 की शाम परीक्षार्थी |
|---|---|---|---|---|
| अरावली स्कूल माजरा खुर्द | 01 | 312 | 312 | 312 |
| बाबा नारायणदास स्कूल खातोदड़ा | 02 | 624 | 624 | 624 |
| ब्वॉयज कॉलेज महेंद्रगढ़ | 02 | 624 | 624 | 624 |
| महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ | 02 | 624 | 624 | 624 |
| हैप्पी स्कूल डूलाना रोड | 02 | 624 | 624 | 624 |
| आरपीएस कॉलेज बलाना | 02 | 624 | 624 | 624 |
| आरपीएस स्कूल खातोद | 03 | 936 | 936 | 359 |
| सरबती स्कूल, गौशाला रोड | 01 | 312 | 312 | -- |
| श्रीकृष्णा स्कूल, राव तुलाराम चौक | 03 | 936 | 936 | -- |
| सूरज डिग्री कॉलेज बुचौली रोड | 01 | 312 | 312 | -- |
| टैगोर स्कूल, माजरा खुर्द | 02 | 557 | 624 | -- |
| विजय स्कूल, बलाना | 01 | -- | 312 | -- |
| संस्कार भारती डिग्री कॉलेज, पाली | 01 | -- | 312 | -- |
| केडी डिग्री कॉलेज, पाली | 01 | -- | 312 | -- |
| गुरू कॉलेज, महेंद्रगढ़ | 01 | -- | 312 | -- |
| मॉडल संस्कृति स्कूल, महेंद्रगढ़ | 01 | -- | 312 | -- |
| बीपीएस स्कूल, कुलताजपुर रोड | 02 | -- | 624 | -- |
| सीएल स्कूल, हुडा सेक्टर नारनौल | 01 | -- | 312 | -- |
| मॉडल संस्कृति स्कूल, नारनौल | 01 | -- | 312 | -- |
| एचपीएस स्कूल नांगल चौधरी रोड | 02 | -- | 624 | -- |
| एमएलएस डीएवी स्कूल नारनौल | 02 | -- | 493 | -- |
| पीजी कॉलेज नारनौल | 02 | -- | 624 | -- |



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style



# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर** : साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती** : फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।



**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क** : अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन** : अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी*** : बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

***नई दिल्ली।*** *अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*


## फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

## धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।



**नई फिल्म यानी नया जोखिम** : अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'


## सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

## *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**कनीना।** डीएलएसए के सौजन्य से मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात निरीक्षक व अधिवक्ताओं ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। टेकचंद यादव ने रोड रूल्स लाइफ टूल्स को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते यातायात के कारण सड़क हादसों में भारी बढ़ोतरी हुई है। जिन पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है। प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि यातायात नियम देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने यातायात नियमों के पालन की अपील की।



### बच्चों को संस्कार निर्माण की जानकारी दी

**नारनौल।** भारतीय शिक्षण मंडल सदस्य, मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख व समाजसेविका डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने सावन मास में प्रतिदिन विद्या के एक मन्दिर में जाने के संकल्प के साथ विभिन्न स्कूलों में जाकर व्यास गुरु पूजा प्रकल्प के तहत विद्यार्थियों को संस्कार सिखा रही हैं। इसी कड़ी में भारतीय शिक्षण मंडल प्रतिनिधि डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने सर्वोदय हाई स्कूल में पहुंचकर बच्चों को गुरु परम्परा, नैतिक चरित्र निर्माण व संस्कार निर्माण की बातें बताई। शिक्षाविद डॉ. कृष्णा आर्या ने बताया कि भारतीय शिक्षण मंडल ने गुरु वेदव्यास की जयंती पर स्कूलों में जाकर बच्चों को व्यास परंपरा व गुरु की गरिमा पर व्याख्यानमाला का सुन्दर अभियान चलाया है। जिसके तहत प्रेरक वक्ता विद्यालयों में जाकर गुरु की महिमा पर वक्तव्य देंगे।

### प्रिया सिहमा ने योगा में नेट परीक्षा पास की

**नारनौल।** प्रिया पुत्री प्रमोद जांगिड़ सिहमा ने योग विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा पास की है। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व दादा श्रीराम मिस्त्री को दिया है। प्रिया को सफलता पर बधाई देते हुए



एडवोकेट हेमंत भारद्वाज सिहमा ने कहा कि प्रिया शुरू से ही पढ़ाई में तेज रही है और सरकारी स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक मेरिट में रही है। प्रिया के पिता प्रमोद जांगिड़ ने बताया कि प्रिया ने इस परीक्षा में ओबीसी वर्ग में 92 प्रतिशत अंक लेकर नाम रोशन किया है। गांव सिहमा के अनेक लोगों ने प्रिया को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरपीएस विद्यालय खातोद में सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन

# जीवन अनमोल है, इसे बचाओ, रक्त की जरूरत देश को है, सड़क को नहीं: सूरा

### 18 वर्ष की आयु से पहले नहीं करें ड्राइविंग: चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नीलम कुमारी





**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जीवन अनमोल है, इसे बचाओ, रक्त की जरूरत देश को है, सड़क को नहीं इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग करें। उपरोक्त विचार मंगलवार को आरपीएस विद्यालय खातोद में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा कार्यक्रम के चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश व चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज आथोरिटी नरेंद्र सूरा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों व बस चालक, परिचालकों को जागरुक करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीलम कुमारी ने भी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व बस चालक-परिचालकों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर जागरूकता रैली को रवाना किया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, पूर्व डीईओ संतोष कुमार चौहान, ट्रैफिक एसएचओ अनिल कुमार, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, कमांडर टेकचंद यादव, एडवोकेट अजय पांडे, कोआर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक सहित अन्य जागरूकता टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

आरपीएस विद्यालय खातोद में मंगलवार को जिला विधिक प्राधिकरण की ओर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सछक सुरक्षा नियमों पर आधारित लघु नाटिका व अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा।

चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीलम कुमारी ने विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रश्न भी पूछे तथा बच्चों से उनके सटीक उत्तर पाकर आरपीएस प्रबंधन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उठाए जा रहे प्रसासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले वाहन न चलाने तथा समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

#### सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

गौरतलब है कि चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में जिले में बीते एक माह से सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।

## ग्वार फसल की बीमारी रोकथाम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**मंडी अटेली।** प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली खण्ड के गांव नांगल में मंगलवार को ग्वार फसल पर कृषि विभाग व हिंदुस्तान गम एंड केमिकल के तत्वावधान में ग्वार फसल हेल्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि गोष्ठी में जिला बागवानी अधिकारी डा. प्रेम यादव मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रशिक्षण शिविर में ग्वार विशेषज्ञ डा. बीडी यादव ने किसानों जानकारी दी।

जिला बागवानी अधिकारी डा. प्रेम यादव ने कहा कि हरियाणा में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार और बागवानी विभाग लगातार इस पर काम कर रहा है, ताकि हरियाणा के किसान बागवानी को अपनाकर अपने आप को समृद्ध बना सके, लेकिन बागवानी में कई प्रकार की आपदाओं से फसल बर्बाद हो जाती है, जिसे किसानों को काफी नुकसान होता है। ऐसे में आपदा से निपटने के लिए बागवानी विभाग ने मुख्यमंत्री बागवानी फसल बीमा योजना चलाई गई है, जिसमें किसानों को नाम मात्र प्रीमियम पर हजारों रुपए मुआवजा राशि दी जाती है। प्रशिक्षण शिविर में किसानों द्वारा प्रश्नों का जवाब देने पर सम्मानित किया गया। कृषि प्रशिक्षण शिविर में सरपंच भूपेंद्र सिंह, रामसिंह ने आने किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर में विशेष कार्य किया।

## भाजपा विकास को देती है प्राथमिकता: कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक मजबूती व जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता सशक्तिकरण के उद्देश्य से रेवाड़ी रोड स्थित सरस्वती गार्डन में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्री तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव ने की। जिला अध्यक्ष ने कृष्ण बेदी का स्वागत साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो राष्ट्रवाद, संगठनात्मक अनुशासन व विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवंत संकल्प है। जिसे हर कार्यकर्ता अपने जीवन में आत्मसात करता है। कार्यकर्ता आधारित संगठन है। जहां पद नहीं, बल्कि सेवा का भाव प्रमुख होता है। हर कार्यकर्ता को समान सम्मान व अवसर मिलते हैं। जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि पार्टी कि वास्तविक ताकत इसके समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्यरत रहते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठनात्मक अनुशासन का पालन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में जनसेवा को प्राथमिकता दें।

इस मौके पर पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला प्रभारी शंकर धूपड़, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, जिला परिषद चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, पूर्व विधायक सीताराम यादव, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व प्रदेश मंत्री मनीष मित्तल, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी आदि मौजूद थे।

## यदुवंशी सतनाली में जिलास्तरीय एनसीसी कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी



**सतनाली मंडी।** एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते कर्नल संदीप कुमार।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन सतनाली में एटीसी 156 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल कैंप के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस कैंप का शुभारंभ कर्नल संदीप कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस विशेष शिविर में एनसीसी कैडेट्स को अस्त्र शस्त्र चलाने व अनुशासन में रहकर देश सेवा की भावना हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा किइस प्रकार के शिविर युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत करते हैं। यह कैंप देश के भावी रक्षकों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिन्दूर जैसा महान कार्य भारतीय सेना के अनुशासन, साहस और जज्बे से भरे नौजवानों का कार्य है। तीन भागों में आयोजित इस कैंप में आसपास के स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 1200 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की फिजिकल, टेक्निकल और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियां करवाई जाएंगी। यह कैंप सात अगस्त तक चलेगा।



**कनीना।** गांव पड़तल में स्व. सूरजभान निधन पर शोक व्यक्त करती पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव। फोटो: हरिभूमि

## सूरजभान के निधन पर पूर्व डिप्टी स्पीकर ने शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव पड़तल निवासी सूरजभान की 13वीं पर पहुंचकर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की व शोक जताया। उन्होंने कहा कि सूरजभान साहसी, निडर, कर्मठ व्यक्ति थे। वह तीन बार गांव के पंच भी रहे, जो सामाजिक कार्यों में बड़ी रूचि रखते थे। उनके निधन से सामाजिक कार्यों की क्षति हुई है। इस मौके पर कनीना मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार कनीनवाल, सतवीर जांगड़ा रामबास, शांति स्वरूप, प्रदीप कुमार, सुधीर ठेकेदार, सुरेश कुमार, भीमसिंह, वेदप्रकाश, संजय, रोहतास, बाबूलाल आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्ति पर गोवंश के लिए सवामणी और प्रसाद उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** गोवंश को हरा चारा डालते हुए। फोटो: हरिभूमि

अनाथ गोशाला में गांव खातौली जाट निवासी अभय सिंह लेक्चरर ने मंगलवार को गायों के लिए सवामणी का आयोजन कर उन्हें हरा चारा खिलाया। अनाथ गोशाला के प्रवक्ता मुकेश वालिया ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षक अभय सिंह ने अपनी सेवानिवृत्ति पर यह आयोजन किया। इस अवसर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि गाय, गंगा, गीता, गायत्री भारत भारती का आधार है। प्रधान सतपाल यादव ने कहा कि गोसेवा से भौतिक, दैविक व आध्यात्मिक शुद्धि होती है।

नवदीप यादव व संजीव यादव ने कहा कि गायों की तृप्ति से देव व पितृजनों की प्रसन्नता प्राप्त होती है। ट्रस्टी दिनेश शर्मा व नरोत्तम सोनी ने कहा कि गोसेवा व गोरक्षा के प्रति सजग रहना हम सबका दायित्व है। इस मौके पर प्रधान सतपाल यादव, डॉ. संजय शर्मा, अरुण कुमार, नरोत्तम सोनी, दलीप यादव, संजीव यादव, नवदीप यादव, कौशल्या देवी, हर्ष कुमार आदि मौजूद थे। वहीं, इस समावणी के बाद प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में परशुराम चौक पर प्रसाद उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जितेंद्र भारद्वाज, भीमसेन शर्मा, अजय कुमार झाड़ोलिया, पवन यादव, नवीन गुप्ता, दिनेश शर्मा, अजय शर्मा, हर्ष यादव आदि मौजूद थे।



**कनीना।** जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में एक जागृति रैली का आयोजन किया, जिसका मकसद न केवल स्कूल के छात्र, बच्चे शहर के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करना था। ये रैली स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के बीच में नशे की बुराई और उसके खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए निकली गई। रैली की शुरूआत स्कूल के कैंपस से होती है, शहर के मुख्य सड़कों पर गई, जहां रैली में छात्रों ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बैनर और पोस्टर भी दिखाए। चेयरमैन राव रोशनलाल ने कहा कि आज के समय में नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति को रोकना हम सब की जिम्मेदारी है। हमारे युवा नशे की वजह से अपनी जिंदगी और भविष्य के खतरे में डाल रहे हैं। इस रैली के माध्यम से हम उन्हें समझने की कोशिश कर रहे हैं कि नशे से दूर रहना उनकी अपनी भलाई के लिए है।

# युवा संसद में मणिपुर को लेकर गरमाया माहौल, विपक्ष का वॉक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




**नारनौल।** युवा संसद में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशन व डाईट महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोचाना में युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या अल्पना मित्तल व प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा व स्टेट अवार्डी प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डाईट प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार बोहरा उपस्थित रहे। संयोजन विद्यालय के राजनीति विज्ञान लेक्चरर संजय यादव ने किया।

इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि युवा संसद युवा व्यक्तियों को संसदीय शैली की बहस, चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करती है। ये आयोजन एक वास्तविक संसद के कामकाज की नकल करते हैं। डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के बीच नेतृत्व कौशल, नागरिक जागरूकता व लोकतांत्रिक सिद्धांतों की गहरी समझ को बढ़ावा देने में युवा संसद महत्तवपूर्ण है। डाइट प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार व प्राचार्य अल्पना मित्तल ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता और अभिनय प्रतिभा निखारने का बहुत अच्छा माध्यम रहा है।

दोचाना स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता देखी गई। जहां उन्होंने असाधारण वाद विवाद और संसदीय कौशल का प्रदर्शन किया। चर्चाओं में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों जैसे मणिपुर दंगे, महिला सशक्तिकरण, युद्ध विराम में ट्रम्प की भूमिका, ऑपरेशन सिंदूर आदि के बारे में जमकर बहस हुई। विपक्ष सरकार को घेरने में कामयाब रहा। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष के रूप रानी, प्रधानमंत्री के रूप में हर्षित, नेता प्रतिपक्ष के रूप में साक्षी, रक्षा मंत्री के रूप में नेहा, वित्तमंत्री के रोल में तमन्ना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री के रूप में रेखा, शिक्षामंत्री के रूप में हैप्पी, सांसद के रूप में दीक्षा, उत्तम, दिव्या ने भी शानदार अभिनय किया। इस मौके पर संजय यादव, प्रोमिला शर्मा, राजेश कुमार, विजय सिंह, रजनी बाला, अनीता यादव आदि मौजूद थे।

## अनाथ गोशाला में लगाई सवामणी



**नारनौल।** गोसेवा मंडल के सानिध्य मे मंगलवार श्री अनाथ गोशाला हरे चारे की सवामणी संदीप यादव नीरपुर ने अपने स्वर्गीय पिता राजेंद्र सिंह एडवोकेट की पुण्यतिथि पर लगाई। मंडल संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि तीन साल पहले उन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर गोमाता के लिए सवामणी लगाकर गोसेवा मंडल की शुरूआत की थी। एडवोकेट संदीप यादव ने बताया कि गोमाता में सभी देवी देवता विद्यमान है तथा सभी को गोमाता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। प्रधान सतपाल यादव व सचिव रमेश यादव ने मंडल के सभी सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा सवामणी के लिए प्रेरित किया। दलीप यादव व सुभाष शर्मा ने बताया कि गोसेवा मंडल की ओर से निरंतर हरा चारा, हरी सब्जी गोशाला में हर रोज डलवाई जाती है। मंडल की ओर से शहर में दो ई रिक्शा भी गोसेवा के लिए चलाए गए हैं। इस मौके मुकेश वालिया, सतपाल यादव, रमेश यादव, गजेंद्र नंबरदार, राजेश यादव, सुभाष शर्मा, दलीप यादव, सज्जन सिंह, नितिन गुप्ता, मनीष यादव, आकाश यादव, पुरुषोत्तम कौशिक आदि मौजूद थे।

## ट्यूबवेल आपरेटरों का धरना दूसरे दिन भी जारी, विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

**बाढड़ा।** जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवेल आपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर विभाग के उपमंडल कार्यालय पर दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। कर्मचारियों ने विभाग को दो टूक चेतावनी दी कि उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं बरती तो दो दिन बाद पेयजल आपूर्ति ठप्प कर दी जाएगी। एसडीओ ने ट्यूबवैल आपरेटरों की मांगों को पूरा करने का भरोसा भी दिया लेकिन लिखित में न देने पर धरना न उठाने का फैसला लिया। कस्बे के ढिगावा मंडी रोड़ पर धरने की अध्यक्षता प्रताप शर्मा बाढड़ा ने की।



## खबर संक्षेप



नारनौल। सेवानिवृत्ति पर बलबीर सिंह को विदाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### निरीक्षक बलबीर सिंह सेवानिवृत्त

**नारनौल।** पुलिस विभाग में वायरलेस ऑपरेटर व कंट्रोल रूम में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके निरीक्षक बलबीर सिंह की विदाई पार्टी का आयोजन कंट्रोल रूम में किया गया। इस अवसर पर डीएसपी भारत भूषण ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को शुभकामनाएं दी और स्वस्थ जीवन व मंगल भविष्य की कामना की। कंट्रोल रूम से डीआरओ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि सेवानिवृत निरीक्षक बलबीर सिंह ने विभाग के प्रति मेहनत व ईमानदारी से कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1988 में बलबीर सिंह वायरलेस ऑपरेटर भर्ती हुए थे। इसके बाद जिले के काफी थाना में इन्होंने वायरलेस ऑपरेटर के पद पर सेवाएं दी। बलबीर सिंह वर्ष 2023 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे।

### सदस्यता अभियान चलाएगा अभाविप

**महेंद्रगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान एक अगस्त से शुरू होगा। इस बार जिले में 11,500 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), जो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। आगामी एक अगस्त से हरियाणा प्रांत में अपना वार्षिक सदस्यता अभियान आरंभ करने जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में संपूर्ण राज्यभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के लाखों छात्र-छात्राओं को जोड़ा जाएगा।

### 1 अगस्त से करेंगे रामलीला मंचन का पूर्वाभ्यास

**महेंद्रगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी के भव्य रंगमंच पर कार्यकर्ता व कलाकारों के द्वारा पूर्वाभ्यास एक अगस्त से श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर किया जाएगा। कमेटी प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंटी व कलाकार प्रधान सुरेश गोस्वामी ने बताया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की मानवीय लीलाओं का मंचन बड़ी धूमधाम एवं हर्ष पूर्वक इस वर्ष भी किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**कनीना।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। हरियाणा पुलिस व एनसीसी की टुकडी तिरंगे को सलामी देगी।

# फोरेस्ट विभाग ने पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाकर गोंद उत्पादन का प्लेटफार्म किया तैयार, पंचायती जमीन पर लगाए औषधि उत्पादक पौधे

## फूलदार पौधों की अधिकता से प्रकृति की सुंदरता मिलेगा बढ़ावा, पर्यावरण में आएगी शुद्धता

### सार्वजनिक स्थलों पर कचनार नीम के पौधे लगाने से हार्ट व शूगर पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

यदि आप सर्दियों में लड्डू खाने के शौकीन हैं, तो अब गोंद के लिए अधिक पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगें, क्योंकि फोरेस्ट विभाग ने आपके गांव के आसपास पहाड़ों पर खैरी के पौधे तैयार किए हैं। अधिकांश पौधे उत्पादन की स्थिति में हो गए हैं। जिनसे विभाग की मदद से गोंद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पंचायती जमीन पर कचनार, नीम, गूगल का पौधारोपण किया है। जिससे ग्रामीणों को हार्ट, शूगर की दवा व पूजा पाठ की सामग्री मिलेगी। दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता व पर्यावरण में शुद्धता आएगी।

### बीते साल पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाए थे

आपको बता दें कि सर्दियों का मौसम पाचक वर्धक तथा पाचन क्रिया को मजबूत करने वाला होता है। इसी मौसम में गोंद के लड्डू खाने की परंपरा बनी हुई है। डिमांड अधिक होने के कारण लोगों को उच्च क्वालिटी का गोंद नहीं मिल पाता। ग्रामीणों की सुविधा के लिए फोरेस्ट विभाग ने बीते साल पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाए थे। निरंतरता पूर्वक सिंचाई और देखरेख करने पर अधिकांश पौधे बड़े हो गए हैं। जिनसे गोंद का उत्पादन लेना संभव है, लेकिन यह प्रक्रिया विभाग की निगरानी में करना अनिवार्य है। अबकी बार नांगल चौधरी रेंज में 40 हजार बड़े पौधे तैयार किए गए हैं। जिनमें कचनार, नीम, गूगल, पीपल, गुलजार, जाली, टोटलस समेत 18 किस्म के पौधे शामिल हैं। कचनार, गूगल, इंसुलिन के पौधों से हार्ट, शूगर, लीवर व धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री का उत्पादन हो सकेगा। इसके अलावा 20 हजार पौधों का रिप्लेसमेंट में इस्तेमाल किया गया है। बरसाती सीजन शुरू होते ही विभाग ने पंचायती जमीन पर पौधारोपण अभियान शुरू कर दिया है। सरकार के निर्देशानुसार फोरेस्ट विभाग ने स्कूल, पौधगिरी, जलशक्ति स्कीम के अंतर्गत 40 हजार पौधे निःशुल्क बांटने का टारगेट निर्धारित किया है। विभिन्न गांवों में 10 हजार पौधे बांटे जा चुके हैं, 31 जुलाई तक टारगेट को अचीव करने की योजना है।

### पंचायती व अरावली रकबे पर पौधरोपण करने में जुटा विभाग

फोरेस्ट विभाग के मुताबक विस्तारीकरण के बाद सड़कों के किनारे पौधारोपण की अधिक गुंजाइश नहीं। पंचायती, अरावली रकबे को चिन्हित करके विभाग ने प्लांटेशन करना आरंभ किया है। अबकी बार पहाड़ों को पौधारोपण में मिशन में शामिल नहीं किया, निजी मलकियत व पंचायती जमीन पर हरियाली बढ़ाने की योजना है। जिससे गांवों की सुंदरता व पर्यावरण की स्वच्छता बढ़ेगी।



नांगल चौधरी। नर्सरी में तैयार की गई औषधि उत्पदक पेड़ों की पौध।

### औषधि उत्पादक पौधों से आयुर्वेदिक दवाइयों को मिलेगा बढ़ावा

फोरेस्ट विभाग के रेंज अधिकारी रजनीश यादव ने बताया कि नांगल चौधरी क्षेत्र के पहाड़ों पर करीब एक लाख खैरी के पौधे खड़े हैं। जिनसे गोंद का उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पौधे पर कट लगाना पड़ेगा। कट से लारवा निकलेगा, जिसको सुखाने पर गोंद तैयार होगा। उन्होंने बताया कि खैरी का गोंद शुद्ध होने के साथ विटामिन व कैल्शियम से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करने के साथ हड्डियों को मजबूत करेगा।

### इन गांवों के पहाड़ों पर खैरी के पौधे तैयार, उत्पादन कर सकेंगे ग्रामीण

विभागीय जानकारी के मुताबिक आंतरी, नायन, कालबा, दौंखेरा, सैदअलीपुर, पांचनोता, बेरूंडला, बिगोपुर, बायल, दताल समेत विभिन्न गांवों के पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाए गए हैं। करीब दो साल तक सिंचाई व देखरेख करने पर पौधे बड़े हो गए, जिनसे उत्पादन लेना संभव है। कचनार के पौधों से औषधी प्राप्त होगी और ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों का उपचार करने में मदद मिलेगी।

## गेट पर नारेबाजी कर सौंपा मांग पत्र

# शहर में सफाई करने वाले कर्मियों को नहीं मिला बकाया एरियर






नारनौल। मांगों को लेकर नप गेट पर नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी व ईओ दीपक गोयल को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मंगलवार को नगर परिषद अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ बैठकर बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने समान काम समान वेतन का तीन नवंबर 2017 का बकाया ऐरियर की मांग को लेकर अपना धरना–प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रखा। मंगलवार को क्रमिक अनशन रखा गया, जो तीन दिनों से जारी था। मंगलवार को नगर परिषद अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ बैठकर बातचीत की। नप कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल ने कर्मचारियों को पूर्ण रूप से आश्वासन दिया कि डीएमसी साहब उनकी मांगों के बारे में चंडीगढ़ गए हुए हैं। जल्द से जल्द उनकी मांगों का समाधान किया जाएगा। इसके उपरांत सफाई कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक कर्मचारियों का धरना व कर्मिक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

धरने के अध्यक्ष इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया तथा नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय मांगों पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई ने झाड़ू प्रदर्शन किया। आंदोलनरत कर्मचारियों ने काले रिबन लगाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएमसी की गैर–मौजूदगी में उनके पीए तथा नगर प्रशासन ईओ को आने वाले आंदोलन के बारे में ज्ञापन व नोटिस दिया। इस प्रदर्शन में जिला प्रधान राहुल सारवान, सचिव महावीर प्रसाद, सुनील, राज्य कैशियर महेंद्रसिंह संगलिया, सुनील बोयत, मनोज कुमार, भूपेंद्र दरोगा, प्रताप दरोगा, देवानंद, गिरवर दरोगा, आशु, धर्मेंद्र, संतलाल, विक्रम, कमल, दीपक, विक्की, रोशन, मनोज देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, कृष्णा देवी, ममता देवी, बबली देवी, कांता देवी, मंजू देवी व सुनीता देवी समस्त कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल रहे।

### अटेली में भी सफाई कर्मचारी ने किया प्रदर्शन



**मंडी अटेली।** अटेली पुरानी नगर पालिका कार्यालय के सामने मंगलवार को नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की गई। सफाई कर्मचारियों की मांग थी कि उनको एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरण न किया जाए। ऑनलाइन हाजिरी बंद की जाए और जो बकाया एरियर की राशि राज्य के सभी जिलों में दे दी गई है, परंतु जिला महेंद्रगढ़ में अभी तक बकाया एरियर नहीं दिया गया है, उसको तुरंत दिया जाए। इस मौके पर सफाई कर्मचारी प्रधान मनोज कुमार ने बताया हमारे द्वारा कई बार प्रदेश सरकार के समक्ष यह मांगे रख दी गई है, उसके बावजूद भी समाधान अगर जल्द से जल्द नहीं होता तो हम नई कार्य योजना बनाकर हड़ताल करेंगे। हमारी मांगे हैं, उनको सरकार तुरंत से तुरंत पूरी करे। इस मौके पर महिला प्रधान गीता, रामकिशन, मुकेश, प्रवीन, धर्मवीर, लक्ष्मी, निर्मला, सोमा आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका के बाहर सरकार के प्रति नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी।

### महेंद्रगढ़ में भी सफाई कर्मियों ने किया विरोध

- कर्मचारियों को पक्का करने सहित अनेक मांग रखी, सचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

*नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को सरकार के प्रति विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय में सरकार के प्रति जमकर नारेबाजी भी की। इसके बाद कर्मचारियों ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री, प्रधान सचिव व शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक के नाम नगर पालिका सचिव को ज्ञापन सौंपा हैं। कर्मचारियों ने कहा कि काफी लंबे समय से सरकार द्वारा उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार द्वारा कर्मचारियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगें। सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। इससे पहले भी लगातार पूर्व निकाय मंत्री के मुख्य सचिव की अध्यक्षता मीटिंग हुई। 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ता में लगभग सभी मांगों पर मंत्री ने जल्द ही पत्र जारी करने का विश्वास दिलाया था। कुछ पत्र जारी तो हुए हैं लेकिन समझौते से विपरीत तोड़ मरोड़ के पत्र जारी किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि कर्मचारियों ने सरकार से रेगुलाइजेशन की नीति बनाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 के समझौतों को लागू करने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां ठीक करने तथा आरक्षित श्रेणियां का बैकलॉग पूरा करने, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये लागू करने, वरिष्ठ सफाई निरिक्षक के पद सृजित करने, क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में नए पद सृजित करा रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने, सभी कर्मचारियों को बिना शर्त एसीपी का लाभ देने, पुरानी पेशन बहाल करने, कच्चे सफाई व सीवर कर्मचारियों को 26 हजार रुपये करने, सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि लागू करने, सभी प्रकार के भत्तों को लागू करने, सफाई व सीवर कर्मचारियों की तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नति किया जाए, जारी किए गए 8 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार सफाई व सीवर कर्मचारियों को पक्का करने, डोर-टू-डोर कर्मचारियों को ईएसआई व पीएफ की सुविधा देना, 7 अगस्त 2024 व नगर निगम गुरुग्राम के बीच हुए दो जनवरी को 2024 के समझौते को लागू करने सहित अनेक मांग हैं।*

## नवनियुक्त एसडीएम का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

व्यापार मंडल ने मंगलवार को नवनियुक्त उपमंडल अधिकारी कनिका गोयल का स्वागत किया। इस दौरान व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी, हलवाई यूनियन प्रधान लक्ष्मी नारायण सैनी, मोबाइल यूनियन प्रधान सतीश यादव, जुगल राजस्थानी, रत्न राठी, बिशन गोयल पंसारी, विष्णु सोनी, रत्न सोनी, राकेश काजडीया, गोविंद सैनी, रमेश सैनी, सुंदर, मुकेश झुकिया, विजय अग्रवाल, पन्ना लाल अग्रवाल, सुनील यादव, रीना बंटी पूर्व प्रधान सहित अनेक व्यापारी थे। सभी व्यापारियों ने शहर की समस्या से अवगत करवाया, जिसे नव नियुक्त उपमंडल अधिकारी ने तुरंत समझकर संबंधित विभाग से बोलकर धीरे-धीरे सुलझाने का आश्वासन दिया। व्यापार मंडल महेंद्रगढ़ से बिशन पंसारी, जुगल राजस्थानी, विष्णु सोनी व हलवाई यूनियन प्रधान लक्ष्मी नारायण सैनी ने बताया कि पहले वाले उपमंडल अधिकारी ने भी शहर में काफी कार्य किए है।



महेंद्रगढ़। एसडीएम कनिका गोयल का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नवनियुक्त एसडीएम कनिका गोयल ने संभाला कार्यभार

**महेंद्रगढ़।** नवनियुक्त एसडीएम कनिका गोयल आईएएस ने अपना कार्यभार संभाल लिया। उनके कार्यभार संभालने पर महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनका स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में प्रधान संदीप यादव एडवोकेट, सुरेंद्र यादव एडवोकेट, आलोक खैरवाल एडवोकेट, शमशेर यादव एडवोकेट, पूर्व प्रधान राजीव यादव एडवोकेट, पूर्व प्रधान रविंद्र यादव एडवोकेट व तंवर एडवोकेट शामिल थे। बार प्रधान संदीप यादव एडवोकेट में एसडीएम साहिबा को विश्वास दिलाया कि बार एसोसिएशन उनके साथ पूर्ण सहयोग करेगी।

## सरकार मत्स्य पालन को दे रही बढ़ावा: एसडीएम

- महरमपुर में मछली बच्चा रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। मछली बच्चा रैंचिंग कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसडीएम अनिरुद्ध यादव।

मत्स्य विभाग की ओर से मंगलवार को गांव महरमपुर बांध में एक मछली बच्चा रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मीठे पानी में रहने वाली मछली प्रजातियों का संरक्षण करना और स्थानीय किसानों को मत्स्य पालन जैसे लाभदायक व्यवसाय से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर देसी मछलियों के छोटे छोटे बच्चे (आईएमसी मछली) महरमपुर बांध में छोड़े गए। इससे क्षेत्र में मछली प्रजातियों के पुनरुत्थान को बल मिलेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मत्स्य अधिकारी सिकंदर सांगवान की देखरेख में हुआ। सांगवान ने बताया कि आजकल मछली पालन किसानों के लिए एक बहुत ही लाभकारी और लोकप्रिय व्यवसाय बन गया है। उन्होंने समझाया कि कम लागत में अधिक फायदा होने की वजह से किसान इस क्षेत्र की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग मछली पालन करने वाले किसानों को आर्थिक सहायता (अनुदान) प्रदान करता है। अगर कोई किसान अपने खेत में मछली पालने के लिए तालाब बनाता है या पंचायत का कोई तालाब ठेके पर लेकर मछली पालन करता है, तो विभाग उन्हें नियमों के अनुसार अनुदान देता है। इस बारे में और जानकारी के लिए किसान नारनौल के जिला मत्स्य अधिकारी या महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय कमरा नंबर 205 में मत्स्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर जिला मत्स्य अधिकारी सिकंदर सांगवान, मत्स्य अधिकारी सोमदत्त, मत्स्य अधिकारी महेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि बलवान सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद थे।

## हकेंवि में ओपन काउंसलिंग कल

- पंजीकृत विद्यार्थी फिजिकल अथवा आनलाइन माध्यम से हो सकते हैं उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम में ओपन काउंसलिंग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अब ओपन काउंसलिंग गुरुवार 31 जुलाई को आयोजित की जाएगी। ओपन काउंसलिंग के लिए पंजीकृत विद्यार्थी फिजिकल अथवा आनलाइन माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर केंद्रित पाठ्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग 31 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह ओपन काउंसलिंग हाइब्रिड (फिजिकल/आनलाइन) मोड में आयोजित की जाएगी। ओपन काउंसलिंग के लिए पंजीकृत विद्यार्थी को 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना होगा अथवा विद्यार्थी को संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिए गए लिंक के माध्यम से आनलाइन रिपोर्ट करना होगा। प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कल जारी की जाएगी मेरिट लिस्ट

# पीजी कोर्स के लिए विद्यार्थियों में बना है क्रेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पोस्ट ग्रेजूएशन (पीजी) कोर्स के लिए विद्यार्थियों की भाग दौड़ चल रही है। नारनौल के रेलवे रोड स्थित पीजी कॉलेज में करीब 14 विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करवाई जाती है। इस कॉलेज में अंग्रेजी एमए समेत विभिन्न विषयों में भारी क्रेज देखने को मिला है। गत 22 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो सोमवार मध्य रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन का समय निश्चित था, जो अब समाप्त हो चुका है। जूलोजी के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसका प्रतिशत 605 प्रतिशत पहुंच गया है। संस्कृत विषय में 40 सीटों की तुलना में केवल एक फार्म ज्यादा आया है।




नारनौल। रेलवे रोड स्थित पीजी कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

### हिंदी विषय में विद्यार्थियों की कम रुचि

बता दें कि एमए अंग्रेजी के लिए 40 सीटें निर्धारित हैं, लेकिन इस विषय के लिए अब तक 128 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसी प्रकार हिंदी विषय में भी विद्यार्थियों की कम रुचि नहीं है। इस विषय की 40 सीटों की तुलना में 152 आवेदन कॉलेज को मिल चुके हैं। इतिहास विषय की 40 सीटों के लिए 132, राजनीतिक विज्ञान की 40 सीटों के लिए 182 आवेदन प्राप्त हुए हैं। संस्कृत विषय में कम रुचि देखने को मिल रही है, क्योंकि इसकी 40 सीटों की तुलना में महज 41 फार्म ही कॉलेज को प्राप्त हुए हैं। मास्टर ऑफ कॉमर्स की 40 सीटों के लिए 67 आवेदन आए हैं। मास्टर आफ साइंस के तहत बोटनी विषय की 20 सीटों के लिए 107, कैमेस्ट्री की 40 सीटों के लिए 213, कंप्यूटर साइंस की 40 सीटों के लिए 100, ज्योग्रफी की 40 सीटों के लिए 185, जीयोलॉजी की 30 सीटों के लिए 31, मैथमेटिक्स की 40 सीटों के लिए 148, जूलोज की 20 सीटों के लिए 121 तथा डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन्स की 40 सीटों के लिए 43 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एडमिशन नोडल ऑफिसर डा. सतीश सैनी ने बताया कि 31 जुलाई को मेरिट लिस्ट आएगी और इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नंबर आएगा, उन्हें 4 अगस्त तक फीस जमा करवानी होगी। फीस जमा न होने की सूरत में आवेदन रद माना जाएगा।